# खरपतवार समाचार

(भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय का अर्धवार्षिक समाचार-पत्र)

# WEED NEWS

(A Half-Yearly Newsletter of ICAR - Directorate of Weed Research)

भाकृअनुप ICAR

जनवरी-जून, 2026
खंड 26, क्रमांक 1
January-June, 2026
Vol 26, No. 1


## विषय सूची

## Contents


| | |
|---|---|
| अनुसंधान उपलब्धियाँ / Research Achievements | 2-8 |
| भारत में नव पंजीकृत शाकनाशी / Newly Registered Herbicides in India | 8 |
| आयोजित कार्यक्रम / Programmes Organized | 9 |
| समीक्षा बैठक / Review Meeting | 10 |
| कृषि इनपुट वितरण / Agriculture Input Distribution | 11 |
| प्रशिक्षण / परिचर्चा का आयोजन / Trainings / Interface-Meeting Organized | 12 |
| किसान भ्रमण / Farmers' Visit | 13 |
| विशिष्ट आगंतुक / Distinguished visitors | 14 |
| किसान मेला में भागीदारी / Participation in Kisan Mela | 15 |
| आगामी कार्यक्रम / Forthcoming Events | 16 |

*Unnat Krishi Mahotsav-2026*

Phenotypic plasticity in weedy rice




Morphological diversity of weed seeds

## निदेशक की कलम से

## From Director's Desk

खरपतवार कृषि–पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे गंभीर जैविक बाधाओं में से एक हैं, जो फसल उत्पादकता एवं लाभप्रदता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते हैं। जलवायु परिवर्तन खरपतवारों की जीवविज्ञान, फसल–खरपतवार अंतःक्रियाओं तथा शाकनाशी प्रभावकारिता को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसे में जलवायु–सहिष्णु एवं समेकित खरपतवार प्रबंधन रणनीतियों की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

इस अंक में निदेशालय में किए गए नवीनतम अनुसंधान कार्यों को प्रस्तुत किया गया है, जो प्रभावी खरपतवार प्रबंधन के लिए खरपतवार व्यवहार तथा फसल–खरपतवार अंतःक्रियाओं को समझने के महत्व को रेखांकित करते हैं। *मेडिकागो पॉलीमोर्फा* पर किए गए अध्ययन से ज्ञात हुआ कि सिंचाई अंतराल का उचित प्रबंधन रबी फसलों में खरपतवारों के उद्भव को नियंत्रित कर सकता है। वहीं जंगली धान में स्पष्ट रूपात्मक अनुकूलनशीलता देखी गई, जिसमें बालियों के रंग में परिवर्तन के कारण खेत में इसकी पहचान एवं उखाड़कर नियंत्रण करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि सूखे की स्थिति में गेहूं तथा *माल्वा पार्विफ्लोरा* एवं *सोनकस ओलेरेसियस* जैसे खरपतवारों के बीच भूमिगत प्रतिस्पर्धा बढ़ जाती है। बढ़ी हुई कार्बन डाइऑक्साइड एवं तापमान की परिस्थितियों में शाकनाशियों की प्रभावकारिता में विलंब एवं कमी देखी गई, जबकि पूर्वानुमान आधारित अध्ययन ने भविष्य की जलवायु परिस्थितियों में सरसों में परजीवी खरपतवार *ओरोबैंकी* के संभावित विस्तार का संकेत दिया।

निदेशालय पर्यावरण–अनुकूल खरपतवार प्रबंधन उपायों को भी निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। दलहनी आवरण फसलों ने प्राकृतिक रूप से खरपतवार नियंत्रण की अच्छी संभावनाएँ प्रदर्शित की हैं। सारनी स्थित एसटीपीएस जलाशय में *साल्विनिया मोलस्टा* के जैविक नियंत्रण से उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिससे मत्स्य उत्पादन एवं स्थानीय आजीविका को भी लाभ हुआ है। स्वर्णा श्रेया धान के लिए ऊतक–संवर्धन द्वारा पुनर्जनन की विधि तथा 140 से अधिक खरपतवार प्रजातियों का आकारिकी–आधारित लक्षण वर्णन हमारे अनुसंधान एवं आनुवंशिक संसाधनों को और सुदृढ़ करता है।

इस अंक में भारत में जारी किए गए नए शाकनाशियों का विवरण तथा निदेशालय द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना, फार्मर्स फर्स्ट, जनजातीय उपयोजना एवं अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और प्रसार गतिविधियों की जानकारी भी दी गई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि *साल्विनिया मोलस्टा* के जैविक नियंत्रण हेतु दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, तीन प्रतिलिप्यधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त हुए तथा हमारे कर्मचारियों ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। इस अंक को प्रकाशित करने में संपादकीय मंडल एवं सभी योगदानकर्ताओं के समर्पित प्रयासों के लिए मैं उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

Weeds remain among the most serious biotic constraints in agro-ecosystems, adversely affecting crop productivity and profitability. Climate change is further influencing weed biology, crop-weed interactions, and herbicide performance, highlighting the need for climate-resilient, integrated weed management strategies.

This issue of *Weed News* highlights recent research at the Directorate that underscores the importance of understanding weed behaviour and crop-weed interactions for effective management. Research on *Medicago polymorpha* showed that appropriate irrigation intervals can manage weed emergence in *rabi* crops, while studies on weedy rice revealed marked phenotypic plasticity, including changes in panicle colour that make field identification and roguing challenging. Root phenotyping demonstrated that drought intensifies below-ground competition between wheat and weeds such as *Malva parviflora* and *Sonchus oleraceus*. Studies under elevated $CO_2$ and temperature indicated delayed and reduced herbicide efficacy, while predictive modelling suggested potential expansion of *Orobanche* in mustard under future climate scenarios.

The Directorate also continues to strengthen eco-friendly weed management. Leguminous cover crops showed potential for natural weed suppression, while biological control of *Salvinia molesta* at the STPS reservoir, Sarni, has provided encouraging results, with benefits for fish production and local livelihoods. A tissue-culture regeneration protocol for rice variety Swarna Shreya and morphometric characterization of over 140 weed species have further strengthened our research capabilities and germplasm resources.

This issue also provides an overview of newly launched herbicide molecules in India and highlights training, capacity building and outreach initiatives under SCSP, Farmer FIRST, TSP and other programmes. I am pleased to share the signing of two MoUs for biological control of *S. molesta*, the receipt of three copyright certificates, and several notable staff achievements. I sincerely thank the Editorial Board and all contributors for their dedicated efforts in bringing out this issue of *Weed News*.

## अनुसंधान उपलब्धियाँ / Research highlights

### विभिन्न सिंचाई अंतरालों के अंतर्गत मैना (*मेडिकागो पॉलीमॉर्फा*) के अंकुरण की गतिशीलता

**पीयूष कांती मुखर्जी एवं सोनाली सिंह**

मृदा में नमी, खरपतवारों के अंकुरण का प्रमुख नियामक कारक है। सिंचाई के अंतराल का वैज्ञानिक प्रबंधन एक प्रभावी एवं पर्यावरण–अनुकूल सस्य उपाय के रूप में अपनाया जा सकता है, जिससे खरपतवारों के अंकुरण को कम किया जा सके तथा समेकित खरपतवार प्रबंधन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके।

मैना (*मेडिकागो पॉलीमॉर्फा*) एक महत्वपूर्ण वार्षिक खरपतवार है, जो अनेक फसल प्रणालियों में फसलों के साथ तीव्र प्रतिस्पर्धा कर उनकी उत्पादकता घटाता है। चूँकि मृदा में नमी खरपतवार बीजों के अंकुरण का प्रमुख कारक है, अतः सिंचाई प्रबंधन के प्रभाव को समझने हेतु एक प्रयोग किया गया। इसमें *एम. पॉलीमॉर्फा* के एक वर्ष पुराने 30 फलों को चार गहराइयों (0, 1, 2 तथा 3 सेमी) पर 1.9 किग्रा सूखी मिट्टी से भरे गमलों में दबाया गया। बुवाई के तुरंत बाद सिंचाई नहीं दी गई; इसके पश्चात प्रत्येक गमले में 650 मिलीलीटर पानी (मृदा संतृप्ति के बराबर) क्रमशः 10, 15, तथा 20 दिन के अंतराल पर दिया गया।

सभी उपचारों में पहली सिंचाई के 2–4 दिनों के भीतर अंकुरण प्रारम्भ हो गया। 10 दिन के अंतराल पर अंकुरण सबसे पहले तथा सर्वाधिक हुआ, जबकि अंतराल बढ़ाने पर अंकुरण क्रमशः घटता गया। 10 एवं 15 दिन के अंतराल में 2–3 सेमी गहराई पर दबे बीजों का अंकुरण सतह पर रखे बीजों की तुलना में अधिक रहा, जिससे स्पष्ट है कि यह गहराई अंकुरण हेतु अधिक अनुकूल नमी उपलब्ध कराती है। 20 दिन के अंतराल पर अंकुरण एवं अंकुरों का जीवित रहना, दोनों उल्लेखनीय रूप से कम रहे (**चित्र 1**)।

### Emergence dynamics of *Medicago polymorpha* under varying irrigation intervals

**Pijush Kanti Mukherjee and Sonali Singh**

Soil moisture is the primary regulator of weed emergence. Scientific manipulation of irrigation intervals can be integrated as an effective, eco-friendly cultural practice to suppress weed emergence and improve the efficiency of integrated weed management programmes.

Burclover (*Medicago polymorpha*), an important annual weed, competes aggressively with winter crops and reduces productivity in irrigated ecosystem. A pot experiment was conducted to evaluate the influence of irrigation intervals on its emergence. Thirty fruits of *M. polymorpha*, one year old, were buried at four soil depths (0, 1, 2 and 3 cm) in pots containing 1.9 kg of dry soil. Irrigation was withheld immediately after sowing; thereafter 650 ml of water, equivalent to soil saturation was applied at 10-, 15- and 20-day intervals.

Seedling emergence began within 2–4 days after the first irrigation in all treatments. The 10-day interval produced the earliest and the highest cumulative emergence, whereas widening the interval progressively reduced emergence. Under the 10- and 15-day regimes, seeds buried at 2–3 cm emerged more than those placed on the soil surface, indicating that moderate burial provides more favourable moisture for germination. Under the 20-day interval, both emergence and seedling survival were markedly reduced (**Fig. 1**).




**Fig. 1: Seedling emergence of Medicago polymorpha under 10-, 15- and 20-day irrigation intervals, and a view of the pot experiment.**

### जंगली धान में फीनोटाइपिक प्लास्टिसिटी: पहचान की एक नई चुनौती

**जीतेन्द्र कुमार सोनी, सुरभि होता एवं वी.के. चौधरी**

जंगली धान (*ओराइजा सैटाइवा* एफ. *स्पोंटेनिया*) धान की खेती के सबसे गंभीर खरपतवारों में से एक है, क्योंकि प्रारंभिक वृद्धि अवस्था में यह फसल के पौधों से अत्यधिक समानता रखता है, जिससे समय पर इसकी पहचान एवं उन्मूलन कठिन हो जाता है। सामान्यतः परिपक्वता पर अधिक ऊँचाई, बालियों का अधिक निकलना, बीज झड़ने की प्रवृत्ति, आन तथा विशिष्ट

### Phenotypic plasticity in weedy rice: a new challenge for identification

**Jeetendra Kumar Soni, Surabhi Hota and V.K. Choudhary**

Weedy rice (*Oryza sativa* f. *spontanea*) is one of the most problematic weeds in rice cultivation because it closely resembles cultivated rice during the early vegetative stage, making timely identification and removal difficult. It is conventionally distinguished at maturity by its taller stature, greater panicle

**Fig. 2: Phenotypic plasticity in weedy rice - (A) proportion of normal and purple-panicle weedy rice across fields, (B) yellow-panicle weedy rice in conventional rice, and (C) purple-panicle weedy rice in purple rice.**

बाली रंग के आधार पर इसकी पहचान की जाती है।

भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर में किए गए एक प्रक्षेत्र प्रयोग में फीनोटाइपिक प्लास्टिसिटी का एक रोचक उदाहरण देखने को मिला। बैंगनी धान की फसल में उगने वाले अनेक जंगली धान के पौधों ने अपनी सामान्य बाली रंग के स्थान पर बैंगनी बालियाँ विकसित कर लीं। बैंगनी धान के खेत में दर्ज 119 जंगली धान पौधों में से 43 (36.1 प्रतिशत) में बैंगनी वर्णक विकसित हुआ, जबकि 76 (63.9 प्रतिशत) में सामान्य पीली बालियाँ बनी रहीं; विभिन्न प्रायोगिक इकाइयों में यह अभिव्यक्ति 6.3 से 100 प्रतिशत तक रही। इसके विपरीत, सामान्य पीले धान की फसल में भी लगभग 10 प्रतिशत जंगली धान पौधों ने फसल के समान बाली रंग विकसित किया (**चित्र 2**)।

ये परिणाम दर्शाते हैं कि जंगली धान में बाली का रंग सदैव स्थिर पहचान–लक्षण नहीं होता, बल्कि आसपास की फसल के वातावरण के अनुसार परिवर्तित हो सकता है। इस प्रकार का अनुकूलन खेत में जंगली धान की पहचान एवं रोगिंग को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना सकता है। अतः इस रंग परिवर्तन के पीछे कार्यरत शारीरिक एवं आनुवंशिक तंत्रों को समझना तथा समेकित जंगली धान प्रबंधन में इसके निहितार्थों का अध्ययन आवश्यक है।

### पर्याप्त सिंचित एवं सूखा परिस्थितियों में गेहूँ के साथ पनिरक (*माल्वा पार्विफ्लोरा*) तथा दूधी (*सॉन्कस ओलेरेसियस*) की अंतःक्रियाओं का जड़ फीनोटाइपिंग द्वारा अध्ययन

**चंद्रकांत सिंह, दसारी श्रीकांत एवं मनोज कुमार यादव**

रबी 2025–26 के दौरान पीवीसी पाइप आधारित रूट फीनोटाइपिंग प्रणाली से पर्याप्त सिंचित एवं सूखा परिस्थितियों में गेहूँ के साथ पनिरक (*माल्वा पार्विफ्लोरा*) तथा दूधी (*सॉन्कस ओलेरेसियस*) की जड़ संरचना का अध्ययन किया गया। इन दोनों प्रमुख खरपतवारों की सूखा तनाव के प्रति प्रतिक्रिया में उल्लेखनीय अंतर पाया गया (**चित्र 3**)।

पर्याप्त सिंचित परिस्थितियों में दोनों खरपतवारों ने सशक्त प्ररोह वृद्धि तथा विस्तृत जड़ तंत्र विकसित किया, जो गेहूँ के साथ उनकी उच्च प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता दर्शाता है। सूखे की स्थिति में दोनों प्रजातियों में प्ररोह वृद्धि में उल्लेखनीय कमी आई, जबकि दुधी में जड़ की लंबाई अधिक पाई गई। किंतु पनिरक में प्ररोह वृद्धि में कमी ज्यादा स्पष्ट रही, जबकि दूधी ने नमी की कमी में तुलनात्मक रूप से बेहतर प्ररोह वृद्धि तथा अधिक गहरी जड़ प्रणाली बनाए रखी।

अतः फसल–खरपतवार परस्पर क्रिया में दूधी (*सॉन्कस ओलेरेसियस*) में पनिरक (*माल्वा पार्विफ्लोरा*) की अपेक्षा अधिक सूखा सहनशीलता होती है तथा जल–अभाव की परिस्थितियों में गेहूँ के साथ इसकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता अधिक बनी रह सकती है।

### प्रमुख रबी खरपतवारों पर बढ़े हुए $CO_2$ एवं तापमान का प्रभाव

**दसारी श्रीकांत, चंद्रकांत सिंह एवं मनोज कुमार यादव**

रबी मौसम 2025–26 के दौरान ओपन–टॉप चौंबर में एक प्रयोग किया गया, जिसका उद्देश्य प्रमुख रबी खरपतवारों–जंगली जई (*अवेना लुडोविसियाना*), जंगली पालक (*रुमेक्स डेन्टेटस*), गुल्ली डंडा (*फैलेरिस माइनर*) तथा बथुआ (*चिनोपोडियम एल्बम*)–की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन बढ़े हुए $CO_2$ (EC: 550 ± 50 ppm), बढ़े हुए तापमान (ET: परिवेश + 2°C) तथा उनके संयुक्त प्रभाव (EC+ET) के अंतर्गत करना था।

परिणामों से स्पष्ट हुआ कि जलवायु परिवर्तन की इन परिस्थितियों में सभी चारों खरपतवार प्रजातियों में जैवभार, पत्ती क्षेत्रफल तथा बीज उत्पादन में वृद्धि

exertion, seed shattering, awns and characteristic panicle colour.

A field experiment conducted at the ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur revealed a striking example of phenotypic plasticity in weedy rice. When growing in purple rice, many weedy rice plants produced purple panicles, resembling the crop instead of expressing their typical panicle colour. Among 119 weedy rice plants recorded in the purple rice plots, 43 (36.1%) developed purple pigmentation while 76 (63.9%) retained the normal yellow panicle; expression varied markedly among experimental units, from 6.3 to 100%. A reverse trend was observed in conventional yellow rice, where nearly 10% of the weedy rice population exhibited panicle colour similar to the crop (**Fig. 2**).

Panicle colour in weedy rice is therefore not always a fixed diagnostic trait and may shift in response to the surrounding crop environment. Such adaptive behaviour can complicate field identification and roguing, highlighting the need for further study of the physiological and genetic basis of this plasticity and its implications for integrated weedy rice management.

### Root phenotyping of wheat–weed interactions with *Malva parviflora* and *Sonchus oleraceus* under wet-watered and drought conditions

**Chandrakant Singh, Dasari Sreekanth and Manoj Kumar Yadav**

During *rabi* 2025-26, a PVC pipe-based root phenotyping system was used to assess the root architecture of wheat–weed interactions with cheeseweed (*Malva parviflora*) and sow thistle (*Sonchus oleraceus*) under wet-watered (Control) and drought conditions. The system revealed distinct differences in the drought responses of these two major wheat weeds when grown in association with wheat (**Fig. 3**).




**Fig. 3: Root phenotyping of *Malva parviflora* and *Sonchus oleraceus* in association with wheat under wet-watered (control) and drought conditions.**

Under wet-watered conditions, both species developed vigorous shoots and extensive root systems, indicating strong competitive potential with wheat. In drought stress significantly reduced shoot growth in both species but the root length was observed higher in *S. oleraceus*. The reduction shoots growth was more pronounced in *M. parviflora*, whereas *S. oleraceus* maintained comparatively greater shoot growth and a deeper root system under moisture stress.

During crop-weed interaction, therefore, *S. oleraceus* possesses relatively greater drought tolerance and may remain more competitive with wheat under water-limited conditions than *M. parviflora*.

### Impact of elevated $CO_2$ and temperature on major *rabi* weeds

**Dasari Sreekanth, Chandrakant Singh and Manoj Kumar Yadav**

An experiment was conducted during the *rabi* season of 2025–26 using open-top chambers (OTC) to evaluate the responses of major rabi weeds — winter wild oat (*Avena ludoviciana*), toothed dock (*Rumex dentatus*), littleseed canarygrass (*Phalaris minor*) and lambsquarters (*Chenopodium album*) — under elevated $CO_2$ (EC: 550 ± 50 ppm), elevated temperature (ET: ambient +2°C) and their combined effect (EC+ET).

The results indicated that all four-weed species responded to these climate change scenarios with increased biomass, leaf

**Fig. 4: Response of major *rabi* weeds to elevated $CO_2$ and elevated temperature.**

हुई। हालांकि, जंगली जई, जंगली पालक तथा गुल्ली–डंडा में उच्च $CO_2$ (EC) तथा उच्च $CO_2$ + उच्च तापमान (EC+ET) की परिस्थितियों में पौधों की ऊँचाई में कमी दर्ज की गई। इसके विपरीत, बथुआ ने EC, ET तथा EC+ET तीनों परिस्थितियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदर्शित की, जिसमें पौधों की ऊँचाई तथा जैवभार में वृद्धि देखी गई (**चित्र 4**)।

## जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों के अंतर्गत सरसों में *ओरोबैंकी* के वितरण का पूर्वानुमान

**योगिता घरडे, पी.के. सिंह एवं ए. जमालुद्दीन**

ओरोबैंकी एक जड़–परजीवी पौधा है, जिसमें क्लोरोफिल नहीं होता तथा जिसका परपोषी दायरा व्यापक है; यह सोलेनेसी, फैबेसी तथा ब्रैसिकेसी कुल के अनेक पौधों को संक्रमित करता है। यह हॉस्टोरियम के माध्यम से परपोषी की जड़ों से जुड़कर उसके संवहनी तंत्र से जल, कार्बन तथा पोषक तत्व प्राप्त करता है। इसके प्रकोप से भारतीय सरसों की उपज में औसतन 28% तक की कमी दर्ज की गई है।

इस गंभीर उपज हानि को देखते हुए वर्तमान एवं भविष्य की जलवायु परिस्थितियों के अंतर्गत इसके संभावित वितरण का आकलन किया गया। दोनों भविष्य परिदृश्यों में प्रजाति का वितरण प्रतिरूप लगभग समान रहा, किंतु मॉडल ने इसके जलवायु–अनुकूल आवास में संकुचन की संभावना दर्शाई। पर्यावरणीय कारकों में तापमान की मौसमी परिवर्तनशीलता तथा सबसे ठंडे माह का न्यूनतम तापमान इसके वितरण को नियंत्रित करने वाले सर्वाधिक प्रभावी कारक पाए गए (**चित्र 5**)।

area, and seed production. However, plant height decreased in *A. ludoviciana, R. dentatus*, and *P. minor* under EC and EC+ET conditions. In contrast, *C. album* responded positively to EC, ET and EC+ET, exhibiting increased plant height and biomass (**Fig. 4**).

## Predicting the distribution of *Orobanche* in Indian mustard under climate change scenarios

**Yogita Gharde, P.K. Singh and A. Jamaludheen**

*Orobanche* is a root parasitic plant that lacks chlorophyll and has a wide host range, including several members of the Solanaceae, Fabaceae and Brassicaceae famillies. It attaches to the roots of the host through a haustorium and establishes a connection with the host vascular system to obtain water, carbon and nutrients. Infestation often causes severe losses, with studies reporting an average yield reduction of up to 28% in Indian mustard.

Given these losses, the potential distribution of the species was assessed under current and future climate scenarios. The overall distribution pattern remained similar under both future scenarios (RCP 4.5 and RCP 8.5); however, the model predicted a contraction in its climatically suitable habitat. Among the environmental variables, temperature seasonality and the minimum temperature of the coldest month were the most influential factors governing its distribution (**Fig. 5**).




**Fig. 5: Predicted distribution of Orobanche under current and future (RCP 4.5 and RCP 8.5, for 2050 and 2070) climatic scenarios.**

## आवरण फसलें: प्राकृतिक खरपतवार दमन का एक टिकाऊ उपाय

**संस्कृति रॉय, बादल वर्मा एवं वी.के. चौधरी**

सतत कृषि में आवरण फसलों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि ये मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, जल धारण क्षमता बढ़ाती हैं, मृदा अपरदन घटाती हैं तथा खरपतवार प्रबंधन में सहायक हैं। घना फसल आवरण विकसित कर ये खरपतवारों के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित करती हैं और शाकनाशियों पर निर्भरता कम कर सकती हैं। चार दलहनी आवरण फसलों – मूंग (*विग्ना रेडिएटा*), लोबिया (*विग्ना अनगुइकुलाटा*), सनई (*क्रोटलेरिया जंसिया*) तथा ढैंचा (*सेस्बानिया एक्युलिएटा*)– की खरपतवार–दमन क्षमता की तुलना हेतु एक प्रयोग किया गया (**चित्र 6**)।

सनई और ढैंचा ने तीव्र वृद्धि तथा घने आवरण के कारण सर्वाधिक खरपतवार–दमन क्षमता दर्शाई, जिससे वे प्रकाश, जल, पोषक तत्वों एवं स्थान के लिए खरपतवारों से प्रभावी प्रतिस्पर्धा कर सके। मूंग ने मध्यम स्तर का दमन

## Cover crops: a sustainable tool for natural weed suppression

**Sanskriti Roy, Badal Verma and V.K. Choudhary**

Cover crops are increasingly used in sustainable agriculture because they enhance soil health, improve water retention, reduce soil erosion and help manage weeds. By developing a dense canopy and ground cover they restrict the resources available to weeds and can reduce reliance on herbicides. An experiment was conducted to compare the weed-suppressive potential of four leguminous cover crops — greengram (*Vigna radiata*), cowpea (*Vigna unguiculata*), sunhemp (*Crotalaria juncea*) and sesbania (*Sesbania aculeata*) (**Fig. 6**).

Sunhemp and sesbania were the most effective in suppressing weeds because of their rapid growth and dense canopy, which enabled them to compete strongly with weeds for light, water,

किया, जबकि प्रारंभिक अवस्थाओं में लोबिया तुलनात्मक रूप से कम प्रभावी रहा, यद्यपि समय के साथ उसका भूमि आवरण बेहतर हुआ। जैवभार खरपतवार दमन का महत्वपूर्ण निर्धारक पाया गया। सनई ने सर्वाधिक हरा जैवभार (21.48 t/ha) तथा शुष्क जैवभार (4.58 t/ha) उत्पन्न किया, इसके बाद ढैंचा (19.83 एवं 3.98 t/ha) रहा; लोबिया एवं मूंग ने क्रमशः कम हरा जैवभार (16.43 एवं 15.18 t/ha) तथा शुष्क जैवभार (2.25 एवं 2.23 t/ ha) दिया। अधिक जैवभार से फसल आवरण तेजी से विकसित हुआ तथा अवशेषों की सघन परत बनी, जिससे खरपतवारों का उगना एवं वृद्धि अधिक प्रभावी ढंग से सीमित हुई। अतः अधिक जैवभार देने वाली आवरण फसलें, विशेषकर सनई एवं ढैंचा, समेकित खरपतवार प्रबंधन के उपयोगी घटक हो सकती हैं। मूंग एवं लोबिया, दमन में कम प्रभावी होने पर भी, जैविक नत्रजन स्थिरीकरण तथा कार्बनिक पदार्थ वृद्धि के माध्यम से मृदा उर्वरता में योगदान देते हैं। स्थायी परिणामों हेतु विभिन्न कृषि–पारिस्थितिक परिस्थितियों में बहु–मौसमी अध्ययन आवश्यक हैं।

nutrients and space. Greengram provided moderate suppression, while cowpea was comparatively less effective during the initial growth stages, although its ground cover improved as the season progressed.

Cover crop biomass emerged as an important determinant of weed suppression. Sunhemp produced the highest green biomass (21.48 t/ha) and dry biomass (4.58 t/ha), followed by sesbania (19.83 and 3.98 t/ha); cowpea and greengram produced lower green biomass (16.43 and 15.18 t/ha) and dry biomass (2.25 and 2.23 t/ha). The greater biomass promoted faster canopy closure and a denser residue layer, restricting weed emergence and growth more effectively. This indicated that sunhemp and sesbania can be used effectively as cover crops for weed suppression.

Fig. 6: Field view of leguminous cover crops evaluated for weed suppression.

## *डायनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* से प्राप्त कवक पृथक्करणों का क्षेत्रीय सर्वेक्षण, रोग लक्षण एवं आकारिकीय अभिलक्षणन

**मनोज कुमार यादव, चंद्रकांत सिंह एवं दसारी श्रीकांत**

मध्य प्रदेश के छह प्रमुख धान उत्पादक जिलों (ग्वालियर, रीवा, सतना, जबलपुर, नर्मदापुरम एवं बालाघाट) में *डायनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* से संबंधित पर्ण–जनित कवक रोगों के आकलन हेतु एक व्यवस्थित क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया गया। भूरा धब्बा, पत्ती धब्बा तथा पत्ती झुलसा के लक्षण दर्शाने वाले प्राकृतिक रूप से संक्रमित पौधों से कुल 53 कवक पृथक्करण एकत्र किए गए तथा रोग मानचित्रण हेतु प्रत्येक नमूना स्थल के जीपीएस निर्देशांक दर्ज किए गए।

अधिकांश स्थानों पर रोग की घटना 1–7% तथा कुछ स्थानों पर 10–30% पाई गई। लक्षणों में गहरे किनारों वाले लंबे से अंडाकार भूरे धब्बे, हरितहीनता, आपस में मिलते नेक्रोटिक धब्बे, टिप ब्लाइट तथा पत्तियों का अत्यधिक सूखना सम्मिलित थे, जिससे प्रकाश–संश्लेषी क्षेत्र में कमी तथा समयपूर्व पर्ण जीर्णता देखी गई (**चित्र 7**)।

शुद्ध किए गए पृथक्करणों के संवर्धनीय एवं आकारिकीय अभिलक्षणन में कॉलोनी के रंग, पश्च वर्णकता, बनावट, आकार, किनारे, ऊँचाई, वृद्धि दर तथा वलय गठन में उल्लेखनीय विविधता देखी गई। जैतूनी से गहरे जैतूनी रंग की मखमली कॉलोनियाँ सबसे प्रमुख रूप–प्रकार रहीं, जबकि सफेद–गुलाबी तथा धूसर–भूरी रुईनुमा कॉलोनियाँ दो अन्य समूहों के रूप में पाई गईं। यह विविधता *डा. रेट्रोफ्लेक्सा* से संबद्ध अनेक कवक वर्गकों की उपस्थिति दर्शाती है तथा आगे के सूक्ष्मदर्शीय, आणविक एवं रोगजनकता अध्ययनों–विशेषकर संभावित जैव–शाकनाशी की खोज का आधार प्रदान करती है।

## Field survey, disease symptoms and morphological characterization of fungal isolates from *Dinebra retroflexa*

**Manoj Kumar Yadav, Chandrakant Singh and Dasari Sreekanth**

A systematic field survey was conducted across six major rice-growing districts of Madhya Pradesh (Gwalior, Rewa, Satna, Jabalpur, Narmadapuram and Balaghat) to assess foliar fungal diseases associated with *Dinebra retroflexa*. A total of 53 fungal isolates were collected from naturally infected plants showing brown spot, leaf spot and leaf blight symptoms, and GPS coordinates of each sampling site were recorded for disease mapping.

Disease incidence ranged from 1–7% at most locations and 10–30% at a few sites. Symptoms included elongated to elliptical brown lesions with dark margins, chlorosis, coalescing necrotic spots, tip blight and severe leaf drying, leading to reduced photosynthetic area and premature senescence (**Fig. 7**).

Cultural and morphological characterization of the purified isolates revealed considerable variability in colony colour, reverse pigmentation, texture, shape, margin, elevation, growth rate and zonation. Olive to dark olive velvety colonies were the predominant morphotype, while white-pink and grey-brown cottony colonies formed two additional groups. This diversity indicates the presence of multiple fungal taxa associated with *D. retroflexa* and provides a basis for subsequent microscopic, molecular and pathogenicity studies, including the search for a potential bioherbicide.

Fig. 7: Disease symptoms observed on *Dinebra retroflexa* due to fungal infection.

### सारनी स्थित एसटीपीएस जलाशय में *साल्वीनिया मोलेस्टा* के जैविक नियंत्रण का मत्स्य उत्पादन पर प्रभाव

**ए. जमालुद्दीन एवं दीक्षा एम.जी.**

मध्य प्रदेश के सारनी स्थित सतपुड़ा ताप विद्युत स्टेशन के 1,100 हेक्टेयर जलीय क्षेत्र में जलीय खरपतवार *साल्वीनिया मोलेस्टा* के सफल प्रबंधन के उपरांत, इसके मत्स्य उत्पादन तथा स्थानीय मछुआरा समुदाय की आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन किया गया।

इस हस्तक्षेप से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुआ। औसत मासिक मछली पकड़ 134.06 किग्रा से बढ़कर 317.85 किग्रा हो गई, अर्थात् 137% की वृद्धि, जो सांख्यिकीय रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण ($t = -40.04$, $p < 0.01$) तथा अत्यधिक बड़े प्रभाव आकार (Cohen's $d = 3.62$) वाली रही। इसी प्रकार प्रति नौका प्रतिदिन पकड़ (CPUE) 5.25 से बढ़कर 11.72 किग्रा हो गई, जो 123% की वृद्धि दर्शाती है ($t = -36.99$, $p < 0.01$; Cohen's $d = 3.34$)। ये लाभ घने खरपतवार आवरण के प्रभावी दमन के कारण संभव हुए, जिससे खुले जल क्षेत्र पुनः उपलब्ध हुए, मछलियों की गतिशीलता बढ़ी तथा मछली पकड़ क्षेत्र विस्तृत हुए। बेहतर नौवहन, यांत्रिक अवरोधों में कमी तथा जलाशय की समग्र पारिस्थितिक स्थिति में सुधार ने इस प्रभाव को सुदृढ़ किया। यह अध्ययन जैविक नियंत्रण को यांत्रिक खरपतवार निष्कासन का लागत–प्रभावी, पर्यावरण की दृष्टि से सतत एवं संचालन की दृष्टि से कुशल विकल्प सिद्ध करता है।

### मक्का में टॉप्रामेजोन का पर्यावरणीय प्रभाव एवं अवशेष गतिकी

**शोभा सोंधिया**

मक्का में शाकनाशियों के व्यापक उपयोग को देखते हुए टॉप्रामेजोन से जुड़े पर्यावरणीय जोखिम के आकलन हेतु तीन वर्षीय अध्ययन किया गया, जिसमें मक्का के भूसे, दाने, मृदा, तालाब के पानी तथा मछली में इसके स्थायित्व एवं अवशेष गतिकी का परीक्षण किया गया। साथ ही मनुष्यों के लिए दीर्घकालिक आहार–जनित जोखिम तथा गैर–लक्ष्य जलीय पौधों एवं जीवों पर संभावित खतरे का भी मूल्यांकन किया गया।

उपचारित खेतों से बहाव के कारण निकटवर्ती तालाब के पानी में टॉप्रामेजोन के अवशेष पाए गए, जो इसके स्थल से बाहर परिवहन को दर्शाता है। मृदा में इसका औसत अपघटन अर्द्ध–जीवन 12.62 दिन तथा मक्का के पौधों में 11.96 दिन रहा, जो खेत की परिस्थितियों में अपेक्षाकृत तीव्र अपघटन दर्शाता है। आहार–जनित जोखिम मनुष्यों के लिए स्वीकार्य दैनिक सेवन (ADI) की सीमा के भीतर रहा तथा हजार्ड कोशेंट (HQ) मानों के आधार पर पशुधन के लिए जोखिम कम से नगण्य पाया गया।

पारिस्थितिक जोखिम मूल्यांकन में जलीय पौधा लेम्ना माइनर सबसे संवेदनशील गैर–लक्ष्य जीव पाया गया। परिकलित चिंता स्तर (LOC) ने छिड़काव के पहले 5–30 दिनों के दौरान तीव्र उच्च जोखिम (LOC > 1) दर्शाया, जो 30 से 90 दिनों के बीच घटकर बहुत कम स्तर (LOC < 0.1) पर आ गया। अतः संवेदनशील जलीय वनस्पति की सुरक्षा हेतु जल–स्रोतों के निकट टॉप्रामेजोन को सीमित उपयोग की श्रेणी में रखा जाना उपयुक्त होगा, जबकि मछली सहित अन्य गैर–लक्ष्य जीवों पर जोखिम नगण्य पाया गया।

### स्वर्णा श्रेया धान के लिए प्रभावी ऊतक संवर्धन (टिश्यू कल्चर) पुनर्जनन प्रोटोकॉल का मानकीकरण

**दीपक पवार, डी. श्रीकांत, सहदेव आई.के. एवं शोभा सोंधिया**

धान की उन्नत किस्म स्वर्णा श्रेया के लिए एक सुदृढ़, पुनरुत्पादनीय तथा जीनोटाइप–विशिष्ट ऊतक संवर्धन पुनर्जनन प्रोटोकॉल का मानकीकरण किया गया, जो आनुवंशिक रूपांतरण तथा CRISPR/Cas आधारित जीनोम संपादन अध्ययनों के लिए एक विश्वसनीय आधार प्रदान करता है। सतह विसंक्रमण हेतु एथेनॉल, बाविस्टिन, स्ट्रेप्टोमाइसिन तथा मर्क्यूरिक क्लोराइड ($HgCl_2$) के विभिन्न संयोजनों का अनुकूलन किया गया। सर्वाधिक प्रभावी उपचार – 70% एथेनॉल (2 मिनट) + 1% बाविस्टिन (20 मिनट) + 0.1%

### Impact of biological control of *Salvinia molesta* on fisheries performance in the STPS Reservoir, Sarni

**A. Jamaludheen and Deeksha M.G.**

Following the successful management of the aquatic weed *Salvinia molesta* over 1,100 ha of the aquatic system at Satpura Thermal Power Station (STPS), Sarni, Madhya Pradesh, through the biological control agent *Cyrtobagous salviniae*, a study was conducted to assess its impact on fish production and the livelihoods of the local fishing community.

The intervention produced substantial gains in fisheries performance. Average monthly fish catch rose from 134.06 kg before intervention to 317.85 kg after biological control — a 137% increase that was highly significant ($t = -40.04$, $p < 0.01$) with an exceptionally large effect size (Cohen's $d = 3.62$). Fishing efficiency improved similarly, with catch per unit effort (CPUE) rising from 5.25 to 11.72 kg/boat/day, a 123% increase ($t = -36.99$, $p < 0.01$; Cohen's $d = 3.34$). These gains are attributable to effective suppression of dense weed mats, which restored open-water access, enhanced fish mobility and expanded fishing zones. Improved navigability, reduced mechanical obstruction and overall enhancement of ecological conditions reinforced the response, establishing biological control as a cost-effective, environmentally sustainable and operationally efficient alternative to mechanical weed removal.

### Environmental impact and residue dynamics of topramezone in maize

**Shobha Sondhia**

A three-year study was conducted to assess the environmental risk associated with topramezone application in maize by investigating its persistence and residue dynamics in maize straw, grain, soil, pond water and fish. The study also evaluated the chronic dietary risk to humans and the potential hazard to non-target aquatic plants and organisms.

Runoff from treated maize fields resulted in detectable topramezone residues in adjacent pond water, indicating off-site transport of the herbicide. The average degradation half-life was 12.62 days in soil and 11.96 days in maize plants, demonstrating relatively rapid dissipation under field conditions. Dietary exposure remained within the Acceptable Daily Intake (ADI), and Hazard Quotient (HQ) values indicated low to negligible risk to livestock.

Ecological risk assessment identified the aquatic plant Lemna minor as the most sensitive non-target organism. The calculated Level of Concern (LOC) indicated acute high risk (LOC > 1) during the first 5–30 days after application, falling to a very low level (LOC < 0.1) between 30 and 90 days. Topramezone may therefore warrant Acute Restricted Use near water bodies to protect sensitive aquatic vegetation, whereas risks to fish and other non-target organisms were negligible.

### Standardization of an efficient tissue culture regeneration protocol for rice cv. Swarna Shreya

**Deepak Pawar, D. Sreekanth, Sahadeo I.K. and Shobha Sondhia**

A robust, reproducible and genotype-specific tissue culture regeneration protocol was standardized for the elite rice cultivar Swarna Shreya, establishing a reliable platform for genetic transformation and CRISPR/Cas-mediated genome editing. Surface sterilization was optimized using different combinations of ethanol, Bavistin, streptomycin and mercuric chloride ($HgCl_2$). The most effective treatment — 70% ethanol (2 min) + 1% Bavistin (20 min) + 0.1% streptomycin (20 min) + 0.1%

स्ट्रेप्टोमाइसिन (20 मिनट) + 0.1% $HgCl_2$ (3 मिनट) — में 83% एक्सप्लांट जीवितता, मात्र 9% संदूषण तथा 12% ऊतक ब्राउनिंग दर्ज की गई।

एम्ब्रियोजेनिक कैलस प्रेरण हेतु 3.0 मि.ग्रा. प्रति ली. 2,4डी तथा 0.5 मि.ग्रा. प्रति ली. NAA से पूरित मुराशिगे एवं स्कूग (एम.एस.) माध्यम सर्वाधिक उपयुक्त हार्मोनल संयोजन सिद्ध हुआ। इस माध्यम पर 76.73% कैलस प्रेरण, 9.41 मिमी अधिकतम कैलस व्यास तथा 210.63 मि.ग्रा. ताजा कैलस जैवभार प्राप्त हुआ, जिससे आगे के आनुवंशिक संशोधन हेतु उपयुक्त उच्च गुणवत्ता वाले भ्रूणजनित कैलस विकसित हुए।

पुनर्जनन प्रोटोकॉल को विभिन्न साइटोकाइनिन–ऑक्सिन संयोजनों द्वारा और अनुकूलित किया गया। 2.0 मि.ग्रा. प्रति ली. BAP + 2.0 मि.ग्रा. प्रति ली. काइनेटिन + 0.5 मि.ग्रा. प्रति ली. NAA युक्त एम.एस. माध्यम सर्वाधिक प्रभावी र

$HgCl_2$ (3 min) — recorded the highest explant survival (83%) with minimal contamination (9%) and low tissue browning (12%), ensuring healthy, contamination-free cultures.

For embryogenic callus induction, Murashige and Skoog (MS) medium supplemented with 3.0 mg L-1 2,4-D and 0.5 mg L-1 NAA was the optimum hormonal combination, achieving the highest callus induction frequency (76.73%), maximum callus diameter (9.41 mm) and greatest fresh callus biomass (210.63 mg). The calli were of high quality and suitable for downstream genetic manipulation.

Regeneration was further optimized using different cytokinin–auxin combinations. MS medium containing 2.0 mg L-1 BAP + 2.0 mg L-1 kinetin + 0.5 mg L-1 NAA proved most



**Fig. 8: Stages of tissue culture regeneration in rice cv. Swarna Shreya — explant culture, callus induction, shoot and root regeneration, hardening and establishment in soil.**

हा, जिसमें 89.67% प्ररोह पुनर्जनन, प्रति कैलस 9.35 प्ररोह, प्रति पुनर्जनित कैलस 10.82 जड़ें तथा 58.37% पूर्ण पादप पुनर्जनन प्राप्त हुआ। पुनर्जनित पादपकों में आधी मात्रा एम.एस. माध्यम पर जड़ें विकसित की गईं, तत्पश्चात योशिदा पोषक माध्यम एवं नियंत्रित ग्रोथ चैंबर परिस्थितियों में उनका कठोरीकरण किया गया तथा अंततः उन्हें मृदा में स्थापित किया गया, जहाँ उनकी जीवितता उच्च तथा वृद्धि सामान्य रही (**चित्र 8**)।

